**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 20 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

1. गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा वंदे मातरम के केवल दो छंद गाने के फैसले की आलोचना की, इसे कानून का खुला उल्लंघन बताया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ कैथल जिले के गांव जाडौला में गुरु रविदास जी की मूर्ति का अनावरण किया।

3. पीएम गतिशक्ति पोर्टल के प्रयोग और इस पर अधिकारियों की पहुंच के मामले में हरियाणा देश में पहले स्थान पर पहुंचा।

4. पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने 995 उभरते खिलाड़ियों को तीन करोड़ 80 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की।

5. भारतीय सेना के जवान रवि प्रकाश सांगवान का उनके गांव कासनी में राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

==================================================

गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस कार्य समिति के पूरा 'वंदे मातरम'गाने के बजाय इसके केवल दो छंद गाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह संसद से पारित कानून का खुला उल्लंघन है और राष्ट्र विरोधी है।

संवाददाताओं से बातचीत में श्री शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस एक बार फिर वोट बैंक की राजनीति के लिए तुष्टीकरण का रास्ता अपना रही है।

मेरे देश की जनता को अपील करना चाहता हूं कि एक बार इस देश ने गलती करी थी, वंदे मातरम के दो टुकडे होने देने की और एक गलती के गंभीर परिणाम हमने भुगते हैं। अब देश की जनता एकजुट हो और कांग्रेस पार्टी के इस फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद करें कि अब इस देश में तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। आजादी के 80 साल के बाद 1937 में जो फैसला कांग्रेस ने किया था, जिसको नरेन्द्र। मोदी जी ने सुधारा है, उसके सामने का कोई विरोध इस देश की जनता नहीं सहन करेगी।

-----------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैथल जिले के गांव जड़ौला में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व राज्यसभा सांसद चौधरी ईश्वर सिंह

द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने मंदिर समिति के लिए 31 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास की वाणी ने लोगों को जोड़ने का काम किया, वो किसी एक पंथ या समाज के नहीं, सब के थे।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और राज्य सरकार उनके विचारों के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कुरुक्षेत्र के उमरी में 124 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे भव्य गुरु रविदास धाम का भी उल्लेख किया।

समारोह में पूर्व सांसद ईश्वर सिंह द्वारा संत रविदास जी की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान में निहित समानता और बंधुत्व की भावना संत परंपराओं और भारतीय दर्शन से ही प्रेरित है।

-----------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा है कि पीएम गति शक्ति पोर्टल के उपयोग और इस पर अधिकारियों की पहुंच के मामले में हरियाणा देश में पहले स्थान पर आ गया है। पोर्टल पर 720 से अधिक अधिकारियों को जोड़कर प्रशिक्षित किया गया है। जीआईएस आधारित तकनीक के इस्तेमाल से परियोजनाओं का स्थान आकलन और सत्यापन का समय 40-45 दिनों से घटकर मात्र 1 से 2 दिन रह गया है।

चंडीगढ़ में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि राज्य में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की संख्या अप्रैल के 9 से बढ़कर अगस्त में 34 हो गई है। बैठक में मुख्य सचिव ने एकीकृत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिए और जीएमडीए को गुरुग्राम के नगरीय रसद योजना को जल्द अंतिम रूप देने और फरीदाबाद के लिए भी ऐसी ही योजना तैयार करने की बात कही। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को लंबित आंकड़ा संयोजन का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

-----------------------------------------------------

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में खेल विभाग द्वारा आयोजित 'खिलाड़ी खेल सम्मान समारोह' में 995 उभरते खिलाड़ियों को तीन करोड़ 80 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की।
प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 48000 रुपए द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 42000 रुपए और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 36,000 रुपए की छात्रवृत्ति दे कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, माहित संधू को उनकी असाधारण खेल उपलब्धियों के लिए1 करोड़ 20 लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।
श्री कटारिया ने कहा कि यह छात्रवृत्तियां और पुरस्कार खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का सम्मान हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता में उनके प्रशिक्षकों और उनके परिवारों के योगदान की भी सराहना की।

-----------------------------------------------------------------

भारतीय सेना के जवान रवि प्रकाश सांगवान की आज उसके गांव कासनी में राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। शहीद के पार्थिव शरीर को उनके 8 वर्षीय बेटे देव सांगवान ने मुखाग्नि दी। युवाओं और ग्रामीणों ने बाइक काफिले के साथ शहीद की अंतिम यात्रा निकाली।

रवि प्रकाश वर्ष 2015 में सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में राष्ट्रीय राइफल्स की 54वीं बटालियन में कश्मीर में तैनात थे। वे हवलदार के पद पर तरक्की के लिए बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे थे। प्रशिक्षण के आखिरी दिन फिजिकल एक्टिविटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पढ़ने से उसकी तबीयत बिगड़ गई और उनका निधन हो गया। वे मुक्केबाजी में 5 बार स्वर्ण पदक विजेता रहे थे।

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। परिवार की सरकार, समाज व व्यक्तिगत स्तर पर परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।

----------------------------------------------------------

केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज कुरुक्षेत्र के अंबेडकर भवन में श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ द्वारा आयोजित 7वें राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अधिवेशन में देशभर से आए संतों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, युवाओं और बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया गया।
केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल ने रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि गुरु रविदास ने जात-पात, ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जिसमें सभी को समान अवसर और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि सरकार ने देशभर में श्री गुरु रविदास जी की 650 वीं जन्म जयंती पर गुरु पूर्णिमा से कलश यात्रा निकाली है। जो सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारा के संदेश को जन-जन तक पहुंच रही है। देशभर में यह यात्रा माघ पूर्णिमा तक चलेगी।

---------------------------------------------------------

रोहतक पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह साइबर पीड़ितों की मदद के नाम पर फर्जी वेबसाइट्स चलाकर ठगी करता था।

पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने बताया कि आरोपियों ने मुंबई पुलिस और गृह मंत्रालय का अधिकारी बनकर रोहतक के एक युवक से करीब 2 लाख 68 हजार रुपये ठगे थे। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में छापेमारी कर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया और इनके पास से **13 स्मार्टफोन, 10 कीपैड फोन, 21 फर्जी सिम कार्ड, 10 एटीएम कार्ड और फर्जी वेबसाइट्स से जुड़े दस्तावेज** जब्त किए हैं।

-----------------------------------------------------------

पलवल ज़िले में होडल पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सेवली-मानपुर रोड पर घेराबंदी कर आरोपी देवेंद्र रावत को पकड़ा गया।

==========================================================